जे के टायर ने की कीमतें बढ़ाने की घोषणा



नई दिल्ली। जे के टायर एडं इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने लागत बढ़ने के मद्देनजर अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने मंगलवार को यहां कंपनी की हरित पहल सोल्स विद सोल के शुभारंभ पर बताया कि उनकी कंपनी टायरों की कीमतों में 3.5 प्रतिशत से लेकर चार प्रतिशत तक की वृद्धि करने पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि यह वृद्धि मई तक होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि विक्रांत टायर निर्माता मैसूर संयंत्र की क्षमता बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रक टायरों के उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा।